समस्तीपुर Town



समस्तीपुर में नकली शराब बनाने के मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, धंधेबाज समेत भारी मात्रा में रैपर व बोतलें बरामद

**समस्तीपुर :-** मधनिषेध इकाई पटना ने मुसरीघरारी थाने की पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के बाघी चकहवीब गांव में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री पकड़ी है। इसके उक्त फैक्टी से विदेशी शराब, स्प्रीट, खाली शीशी का बोतल, रैपर और स्टीकर बरामद करने साथ एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के चकश्याम नगर बाघी वार्ड संख्या-10 निवासी पंकज पासवान के रूप में की गई है। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी हुई है।

Source: https://www.samastipurtown.com/samastipur/2024/10/samastipur-mushrigharari-mini-sharaab-factory-ka-udhvedan/